# वेटरनरी विश्वविद्यालय में लोकपाल नियुक्त

यूजीसी के नियम के मुताबिक प्रत्येक विश्वविद्यालय के छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए लोकपाल नियुक्त करने के आदेश के तहत नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में सेवा निवृत्त प्राध्यापक डॉ. सुनील भास्कर राव नाहतकर की नियुक्ति की गई है। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी वेटरिनरी महाविद्यालय जबलपुर, महु, रीवा, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर तथा पत्रोपाधि महाविद्यालय के छात्राओं की शिकायत निवारण हेतु कार्य करेंगे। यह नियुक्ति तीन वर्ष के लिये संपूर्ण लोकपाल नियुक्ति की अहर्ताओं के तहत की गई है। विश्वविद्यालय में लोकपाल नियुक्ति की जानकारी राजभवन, पशुपालन विभाग, यूजीसी आदि सभी जगह माह मई में ही सूचनार्थ प्रेषित की जा चुकी है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर